साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 4 | अंक : 29 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 29 फरवरी से 6 मार्च 2024 — ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5





## ब्लैड मारकर किया घायल

**गोंदिया**-ग्रामीण थाने के तहत वार्ड क्र. 5 फुलचूर निवासी फिर्यादी भिमराव परमानंद बोरकर (27) आरोपी के घर के आगे खड़ा था. इसी बीच आरोपी उसके पास आया व फिर्यादी के जेब से दो ब्लैड निकालकर फिर्यादी के नाक, सिर, कान व गाल पर मारकर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार मेश्राम कर रहे हैं

# चुनाव मशीनरी को संवेदनशीलता से काम करना चाहिए- योगेश कुंभेजकर

### » नोडल अधिकारियों की समीक्षा सभा




**बुलंद गोंदिया।** भंडारा-गोंदिया लोकसभा आम चुनाव के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने अच्छी तैयारी की है. भंडारा-गोंदिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी और जिलाधिकारी भंडारा योगेश कुंभेजकर ने निर्देश दिया कि इस चुनाव को भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण में कराने के लिए चुनाव मशीनरी को संवेदनशीलता से काम करना चाहिए।

आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में सहायक निर्वाचन निर्णय अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की बैठक में कुंभेजकर बोल रहे थे.जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रजीत नायर, जीप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम.मुरुगनाथम इस अवसर पर , अतिरिक्त जिलाधिकारी घनश्याम भुगांवकर, उप जिलाधिकारी (चुनाव) किरण अंबेकर, भंडारा उपजिलाधिकारी(चुनाव) प्रशांत पिसल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। योगेश कुंभेजकर ने कहा, लोकसभा आम चुनाव एक राष्ट्रीय त्योहार है. इस पर्व को मनाने के लिए विभिन्न तंत्रों के माध्यम से चुनाव की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाना होगा। सिस्टम में हर किसी को चुनाव के लिए काम करते हुए खुद को समर्पित करना चाहिए। इन कार्यों को करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी से कोई गलती न हो। चुनाव प्रशिक्षण से लेकर मतगणना के बीच की अवधि में हमें सावधानीपूर्वक योजना बनाकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव एक सामूहिक जिम्मेदारी है, इस दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। चुनाव व्यवस्था में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक विषयों पर बात नहीं करें। जिले में शांतिपूर्वक चुनाव कराने की परंपरा कायम रहनी चाहिए। चुनाव प्रणाली में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चुनाव के नियमों और शर्तों को पढ़ना और उनका पालन करना चाहिए। जिले के नये मतदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि चुनाव प्रणाली में सभी को इस चुनाव को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

इस लोकसभा आम चुनाव में उन्होंने जिले के मतदान केंद्र पर दी जाने वाली सुविधाओं, उपलब्ध ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की जानकारी के साथ-साथ चुनाव के लिए आवश्यक जनशक्ति और परिवहन व्यवस्था के बारे में जाना। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाये। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाये तथा मतदान केन्द्र पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर एवं रैम की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाये।

इस अवसर पर उप विभागीय अधिकारी अर्जुनी/मो. वरुण कुमार सहारे, उपविभागीय अधिकारी तिरोड़ा पूजा गायकवाड एवं तहसीलदार गोंदिया समशेर पठान ने कम्प्यूटरीकृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुनाव के संबंध में की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी निवासी उप जिलाधिकारी विजया बनकर, उप जिलाधिकारी (भूमि अधिग्रहण) भैयासाहेब बेहरे, जिला आपूर्ति अधिकारी देवराव वानखेड़े, उपविभागीय अधिकारी अर्जुनी/मो. वरुग्न कुमार सहारे, उपविभागीय अधिकारी तिरोड़ा पूजा गायकवाड़, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्राम पंचायत) गोविंद खामकर, सहायक आयुक्त समाज कल्याण विनोद मोहतुरे, उप पुलिस अधीक्षक (गृह) नंदिनी चैनपुरकर, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी पंकज गजभिए, जिला सूचना अधिकारी रवि गिते,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे, पुलिस निरीक्षक सचिन म्हेत्रे, सहायक जिला योजना अधिकारी उत्तम शेटे, सिंचाई विभाग की सहायक अभियंता शिखा पिपलेवार, लेखा अधिकारी संदीप बोरकर और अनिता कोनाले सहित सभी तहसीलदार उपस्थित थे।

# संत शिरोमणी आचार्य विद्या सागर जी महाराज संघ के 15 साधुओं का 29 फरवरी को गोंदिया आगमन




**बुलंद गोंदिया।** संत शिरोमणी आचार्य विद्या सागरजी महाराज के संघ के 15 साधुओं के संघ का 29 फरवरी को गोंदिया में विहार करते प्रवेश कर आगमन हो रहा हैं। संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के संघ के निर्यापक श्रमण मुनिश्री प्रसाद सागरजी महाराज, निर्यापक श्रमण मुनिश्री अभय सागरजी महाराज, निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभव सागरजी महाराज व 15 गुरूजनों का डोंगरगढ़ से गोंदिया की ओर पद यात्रा करते हुए गुरुवार की सुबह 7.30 बजे गोंदिया में भव्य प्रवेश होगा।

गोंदिया स्थित कामधेनु मोटर्स फुलचुर से भव्य शोभायात्रा का प्रारंभ होकर गोरेलाल चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर पंहुचेगी। तत्पश्चात सुबह 8.30 बजे विद्या भवन का शिलान्यास का कार्यक्रम होगा उसके पश्चात सभी धार्मिक कार्य व आहर चर्चा संपन्न होगी । इस कार्यक्रम कि गोंदिया दिंगबर जैन समाज द्वारा वृहत स्तर पर तैयारी की जा रही है । उपरोक्त सभी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति रहने का निवेदन दिगंबर जैन समाज ने कीया हैं ।

# अनाथ बच्चों के लिए शासकीय सुविधा पखवाड़ा का आयोजन




**बुलंद गोंदिया।** महिला एवं बाल विकास आयुक्तालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे के पत्र दिनांक 20 फरवरी 2024 के अनुसार जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत अनाथ बच्चों के लिए अनाथ पखवाड़ा 23 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक मनाया जायेगा। राजस्व विभाग के समन्वय से उक्त अवधि में जिले के अनाथ बच्चों के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास एवं राष्ट्रीयता प्रमाण पत्र, वोटिंग कार्ड आदि उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय में एक समर्पित कक्ष स्थापित किया गया है ।जिले के अनाथ बच्चों को इसका लाभ उठाने के लिए समर्पित सेल के प्रोबेशन अधिकारी अनिल बांबोळे और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानन गोबाडे से संपर्क करे ऐसी अपील जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तुषार पौनिकर ने की है।

# बाइक चोर गिरफ्तार, दूसरा फरार



**बुलंद गोंदिया**-जब रावणवाड़ी थाने के पुलिसकर्मी स्थानीय अपराध शाखा के टीम के साथ गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें मोटरसाइकिल चोरों के बारे में जानकारी मिली. पुलिस ने इस मामले में कटंगटोला निवासी दुर्गेश भगत (23) को गिरफ्तार किया है. उसका साथी रजेगांव निवासी कार्तिक बिसेन फरार हो गया. इस मामले में आरोपियों के पास से चोरी की दो बाइक बरामद की गई है. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले के आदेशानुसार स्थानीय अपराध शाखा की टीम अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नियमित अभियान चला रही है. पुलिस उपनिरीक्षक महेश विघ्ने, हवलदार महेश मेहर, चितरंजन कोडापे, प्रकाश गायंधने, सिपाही कुंभलवार अपराध शाखा के टीम के साथ रावणवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त पर थे. जानकारी मिली कि कटंगटोला निवासी दुर्गेश भगत के पास चोरी की बाइक है. दुर्गेश बाइक के साथ मिल गया. जब उसे निवासी दुर्गेश भगत के पास चोरी की बाइक है. दुर्गेश बाइक के साथ मिल गया. जब उसे रोककर पूछताछ की गई तो पहले तो वह गोलमोल जवाब देने लगा.

### तनस के ढेर में रखी थी छिपाकर

इस दौरान उसने बताया कि बाइक उसने 15 दिन पहले साईं बार रावणवाड़ी के सामने रजेगांव के कार्तिक बिसेन से खरीदी थी. बाइक चोरी की शिकायत थाने में थी. इसके चलते दुर्गेश को गिरफ्तार कर लिया गया, जब पुलिस कार्तिक के घर गई तो वह फरार हो गया. पुलिस ने इस मामले में मोटरचाइकिल और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले में दुर्गेश के खिलाफ रावणवाड़ी पुलिस में मामला दर्ज किया गया है. दुर्गेश के बयान पर जब कार्तिक के घर की तलाशी ली गई तो उसके घर के पास तनस के ढेर में एक और एमपी 04 - एमएल 3441 बाइक छिपी हुई मिली.

# विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते सिंधी स्कूल में पेविंग ब्लॉक के कार्य का लोकार्पण



**बुलंद गोंदिया**-सिंधी शिक्षण संस्था गोंदिया द्वारा संचालित बी. एन.आदर्श सिंधी विद्या मंदिर हाई स्कूल गोंदिया के प्रांगण में पेविंग ब्लॉक के कार्य का लोकार्पण विधायक विनोद अग्रवाल। संस्था अध्यक्ष इंद्रकुमार होतचंदानी, महेश आहूजा। जगदीश लालवानी,महेश लालवानी ,लख्मीचंद रोचवानी। रमेश टहिल्यानी ,विनय अनवानी ,राजेश पृथयानी ,श्रीचंद डोडानी, दीपक लालवानी,महेश हसीजा, अनिल हुँदानी आदि गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक विनोद अग्रवाल का संस्था के गणमान्य सदस्यों तथा सभी विद्यार्थियों की ओर से विद्यालय की कप्तान आयुषी सोलंकी द्वारा स्वागत किया गया। इसी प्रकार संस्था के सदस्यों द्वारा विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा महेश आहूजा,जगदीश लालवानी, अनिल हुँदानी, महेश लालवानी तथा पूरी बढ़ते कदम टीम के सदस्यों श्रीचंद डोडानी, महेश हसीजा, दीपक लालवानी आदि को भी पुष्प देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष इंद्रकुमार होतचंदनी ने विधायक विनोद अग्रवाल का तहे दिल से शुक्रिया माना कि उन्होंने विद्यालय को अपनी विधायक निधि से अनेक विकास के कार्यों में वित्त सहयोग दिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के उद्घाटक विधायक विनोद अग्रवाल ने अपने विचारों में कहा कि विद्यार्थियों के विकास और स्कूल के विकास के लिए जो संभव उनसे होगा वह सहायता करेंगे। इस अवसर पर प्राइमरी स्कूल मे कब- बुल में जिलास्तर पर चार पुरस्कार लेकर आए प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों हेडमास्टर का भी पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हरीश कुमार खत्री को पीएचडी मिलने पर विधायक विनोद अग्रवाल व संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा शाल,पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विनोद अग्रवाल ने अपनी तरफ से सारे बच्चों के लिए बिस्कुट की भी व्यवस्था कर दी! कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ हरीशकुमार खत्री और आभार प्राइमरी के हेड मास्टर जयदेव तोलानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाईस्कूल के प्राचार्य डॉ मनीष राय मुक्ता, इंग्लिश मीडियम के प्राचार्य रमेश तनवानी, सुपरवाइजर सुखदेव रामानी, सुशांत वासनिक व स्टॉफ ने अथक प्रयास किया।

# ट्रेडिंग के दौरान 68 लाख से धोखाधड़ी

**बुलंद गोंदिया**-शेयर बाजार में ट्रेडिंग के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाकर 68 लाख की ठगी करने वाले ग्रुप के 5 मोबाइल धारकों के खिलाफ शहर पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है. बालाघाट रोड, मरारटोली निवासी मोहम्मद रझा मेनुद्दीन तिगाला (29) को आरोपी शेयर बाजार में पैसा कैसे निवेश करें और फर्जी शेयर बाजार बनाकर पैसा कैसे खेला जाए, इसकी जानकारी देता था. झांसे में आकर मोहम्मद रजा मेनुद्दीन तिगाला (29) को 68 लाख 13 हजार 267 रुपए का चूना लगा दिया. मोहम्मद तिगाला फेसबुक और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल कर रहा था, तभी उसने इंस्टाग्राम पर एक लिंक देखा, शेयर बाजार के संबंध में जानकारी प्रदान करने वाला एक लिंक था. लिंक को खोलते ही एम ब्लॉक रॉक वाट्सएप ग्रुप का सदस्य बन गया. ग्रुप में 87 लोग थे. उनमें से 11 एडमिन थे. 16 नवंबर 2023 को एक एडमिन ने उनसे वाट्सएप पर चैट की. मोबाइल पर ट्रेडिंग के संबंध में जानकारी के साथ एक लिंक भेजा. जब लिंक खोला गया तो उसे वीआईपी कैंसिलेशन नामक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया. आरोपी बताते गए और मोहम्मद कार्रवाई करता रहा और उससे 68 लाख की ठगी कर ली गई. मोहम्मद रजा मेनुद्दीन तिगाला (29) ने अलग- अलग समय में 12 ट्रांजेक्शन कर आरोपियों को 68 लाख 13 हजार 267 रुपए भेजे. बैंक ऑफ इंडिया से 38 लाख 1101 रुपए, तिगाला ट्रेडर्स के एक्सिस बैंक से 4 लाख रुपए और आईसीआईसीआई बैंक के खाते से 26 लाख 49 हजार 966 रुपए आरोपियों को भेजे.

# ग्रापं महिला कर्मचारियों की सभा




**बुलंद गोंदिया**- महाराष्ट्र राज्य ग्राम पंचायत कर्मचारी महासंघ (आयटक) द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिला कर्मियों की सभा कामगार भवन, रामनगर, गोंदिया में संयोजिका दीप्ती राणे की अध्यक्षता, राज्य महासंघ के कार्याध्यक्ष मिलिंद गणवीर, जिलाध्यक्ष चत्रुगण - लांजेवार के मार्गदर्शन में आयोजित हुई.

जिसमें कार्यस्थल में कार्य के दौरान आनेवाली समस्याएं, न्यूनतम वेतन, भत्ता, वेतन फर्क, भविष्य निर्वाह निधि आदि विषयों पर मार्गदर्शन कर महासंघ के कार्यक्रमों तथा संगठन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लेकर महिला प्रतिनिधियों की कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया.

# पुलिस ने बच्चों को बांटी सामग्री

### पुलिस दादालोरा खिड़की योजना अंतर्गत चलाया उपक्रम




**बुलंद गोंदिया**-जिला पुलिस दल दादालोरा खिड़की योजना अंतर्गत पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले की संकल्पना व अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी साहिल झरकर, थानेदार भूषण बुराडे सालेकसा के मार्गदर्शन व पुलिस उपनिरीक्षक पडलवार, प्रभारी अधिकारी सशस्त्र दूरक्षेत्र विजेपार व जिला पुलिस, एसआरपीएफ बल के कर्मियों के सहयोग से जिप प्राथमिक शाला बिजेपार में जिला पुलिस विभाग सशस्त्र दूरक्षेत्र बिजेपार की ओर से उपक्रम चलाया गया. इस दौरान कक्षा 1ली से 7वीं तक के बच्चों सहित आंगनवाड़ी के बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से ड्राइंग बुक सहित कलर कीट व आंगनवाड़ी के बच्चों को पानी की बोतल वितरित की गई. इस अवसर पर प्राचार्य जांभुलकर, कुंभरे, पटले, परतेकी, अंबादे, आंगनवाड़ी सेविका इनवाते उपस्थित थे.

## संपादकिय...

# पांच फीसदी से कम 'गरीब'

भारत सरकार ने राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) का 2022-23 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण का सारांश छापा है। औसतन भारतीय परिवार, उसके खर्च और 'गरीबी' पर यह महत्वपूर्ण आर्थिक डाटा है। नीति आयोग ने इसकी रपट जारी की है। सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि देश की आबादी का 5 फीसदी से भी कम लोग, यानी 7.20 करोड़ भारतीय ही, 'गरीब' रह गए हैं। गरीबी का यह डाटा 2011-12 के बाद सामने आया है। एक ऐसा ही सर्वेक्षण 2017-18 में भी आया था। उसमें 'गरीबी' बढ़ती हुई दिख रही थी, लिहाजा मोदी सरकार ने वह रपट छिपा ली थी। तब सरकार के आर्थिक डाटा की खूब आलोचना हुई थी। 'गरीबी' की हकीकत पर कई सवाल भी उठाए गए थे, लिहाजा 11 साल के बाद यह सर्वेक्षण विधिवत सामने आया है, जिसमें अचानक 'गरीब' की 5 फीसदी से भी कम आबादी रह गई है। यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति माहवार खर्च 1441 रुपए है, जबकि शहरों में यही खर्च 2087 रुपए है। अब लोग गेहूं, चावल, दाल आदि अनाज पर कम खर्च करते हैं, जबकि पैकेटबंद नमकीन, चिप्स और फल आदि पर ज्यादा खर्च करते हैं। 2022-23 की रपट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में भोजन पर खर्च प्रति व्यक्ति माहवार खर्च का 46 फीसदी किया जाता है। यह खर्च 1999-00 में 59 फीसदी था। शहरों में यही औसतन खर्च 39 फीसदी है, जबकि 1999-00 में भोजन पर यही खर्च 48 फीसदी था। अब फ्रिज, टीवी, मोबाइल आदि पर खर्च 15 फीसदी बढ़ा है। रपट स्पष्ट करती है कि औसत आय बढ़ी है, लिहाजा खर्च भी बढ़ा है, लेकिन खर्च की प्रवृत्ति और रुझान बदल गए हैं। यह सर्वेक्षण खुलासा नहीं करता कि इस अवधि में स्वरोजगार, वेतन, मजदूरी, दिहाड़ी आदि में कितनी बढ़ोतरी हुई है? आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले इस आकलन को सभी के सामने प्रस्तुत करते रहे हैं कि देश में 20 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के नीचे हैं। करीब 23 करोड़ लोग रोजाना 375 रुपए कमाने में भी असमर्थ हैं। दत्तात्रेय के खुलासे को खारिज कैसे किया जा सकता है? गरीबी के विश्लेषण में भाजपा सरकार और आरएसएस नेता के बीच यह विरोधाभास क्यों है? सवाल यह भी है कि यदि देश में 7.20 करोड़ भारतीय ही 'गरीब' रह गए हैं, तो 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज क्यों बांटा जा रहा है? अभी तो 5 साल तक यह अनाज बांटा जाना है। बीते कुछ अंतराल से प्रधानमंत्री मोदी यह भी दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को 'गरीबी' से बाहर निकाला है। 'गरीबी' के ये आंकड़े संदिग्ध लगते हैं कि न जाने किस आधार पर 'गरीबी' तय की गई है! क्या नीति आयोग ने 'गरीबी' की परिभाषा और मानदंड तय कर लिए हैं? लिहाजा उन्हें भी सार्वजनिक किया जाए। बहरहाल सर्वेक्षण में कहा गया है कि गांवों में अनाज पर मासिक खर्च 4.91 फीसदी किया जाता है, जबकि शहरों में यह खर्च 3.52 फीसदी है।

# गलत खानपान से घातक बीमारियों और असमय मृत्यु में बेतहाशा वृद्धि

## विश्व मोटापा दिवस विशेष-04 मार्च 2024

देश में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारियां और असामयिक मौत की वृद्धि ने चिंताजनक आंकड़े छू लिए हैं। आजकल की आधुनिक जीवनशैली, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता और चटोरी जबान ने हमारे जीवन में बहुत बदलाव ला दिये है, हर कोई स्वाद के हिसाब से खाद्य पदार्थ खाना पसंद करते हैं, स्वास्थ्य के हिसाब से नहीं, जिसका सीधा असर हमारे सेहत पर दिखता है, अब तो किसी भी उम्र में कोई भी स्वास्थ्य समस्या किसे भी होती हैं। लोगों की बढ़ती मांग अनुसार, अब हर तरफ फास्ट-फूड, स्ट्रीटफूड, तेल मैदा मसाले मीठे नमकीन व्यंजन तेजी से समृद्ध हो रहे हैं, जबकि ये खाद्य पदार्थ निम्न गुणवत्ता, खराब कोलेस्ट्रॉल और मोटापा को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। भारतीय त्योहार, समारोह और मंगल कार्यों में भी ऐसी ही व्यंजन की भरमार बढ़ रही हैं। वैसे ही खाद्य पदार्थों में हानिकारक रसायन का प्रयोग, मिलावटखोरी और अस्वच्छता बड़े पैमाने पर दिखती है, ऊपर से निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ में सिर्फ स्वाद देखा जाता है, जिसमें उच्च कैलोरी होती है। बहुत से लोग खाना खाते समय यह भी नहीं सोचते कि वे कितनी कैलोरी ले रहे हैं। पेट जब तक पूरी तरह भर ना जाए, तब तक खाते हैं, साथ ही हमारे यहां मेहमाननवाजी के नाम पर जो खिलाने-पिलाने की खातिरदारी होती है, वह भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। जितनी कैलोरी लेते हैं, अगर उतनी खर्च नहीं हुई तो वह शरीर में जमा होकर अतिरिक्त कैलोरी मोटापे का रूप लेती है। पाचन में भारी, थकावट, भारीपन, आलस्य महसूस करवानेवाले खाद्यपदार्थों का सेवन ज्यादा किया जाता हैं, जिससे देशभर में पेट संबंधित रोगों की समस्या बहुत आम नजर आती है। मोटापे की समस्या लगातार बढ़ रही है, जो अनेक जानलेवा बीमारियों की जननी हैं और कितने दुर्भाग्य की बात है कि, सब कुछ जानते हुए भी हम खुद ही अस्वास्थ्यकर खाद्यपदार्थों को ही प्राथमिकता देकर खाते हैं।

मोटापे के जोखिमों के बारे में जागरूकता और वैश्विक मोटापा संकट को समाप्त करने के लिए हर साल 4 मार्च को विश्व मोटापा दिवस दुनियाभर में मनाया जाता हैं। अधिक वजन और मोटापे के खतरे के लिए अस्वास्थ्यकर खानपान के साथ-साथ शारीरिक गतिविधि का अभाव, पर्याप्त नींद न लेना, अत्यधिक तनाव, स्वास्थ्य की स्थिति, आनुवंशिकी, दवाइयों का दुष्प्रभाव, आसपास का वातावरण भी उत्तरदायी होता है। शहरों में मोटापे की इस प्रवृत्ति के लिए चीनी-मीठे पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत भोजन जैसे उच्च कैलोरी-सघन खाद्य पदार्थों का सेवन एक प्रमुख योगदानकर्ता माना जाता है, और साथ ही, इनमें आवश्यक पोषक तत्वों और फाइबर की भारी कमी होती हैं। अधिक शराब पीना, बहुत अधिक बाहर भोजन करना सेहत के लिए हानिकारक है। लंबे समय तक धूम्रपान, अस्वास्थ्यकर आहार और शारीरिक निष्क्रियता के कारण परिणामस्वरूप बीमारियों का विकास होता है, विशेष रूप से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, मोटापा, मेटाबोलिक सिंड्रोम, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी।

वर्तमान में भारतीय फास्ट-फूड बाजार 27.57 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। भारतीय जंक फूड की सूची में समोसा, कचौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, पैकेज्ड भुजिया, इंस्टेंट नूडल्स, मोमोज, टिक्की, भटूरे जैसे खाद्य पदार्थ शीर्ष पर हैं। वैश्विक खाद्य बाजारों में भारत के निरंतर एकीकरण के बाद अस्वास्थ्यकर, प्रसंस्कृत भोजन अधिक सुलभ हो गया है। यह, बढ़ती मध्यम वर्ग की आय के साथ मिलकर, मध्यम वर्ग और उच्च आय वाले परिवारों में प्रति व्यक्ति औसत कैलोरी सेवन में वृद्धि कर रहा है। एक विशेष रिपोर्ट के अनुसार, 2022 तक देश के बड़े शहरों में फास्ट फूड रेस्तरां पर मध्यम वर्ग के परिवारों का वार्षिक खर्च 108 प्रतिशत बढ़ गया है।मोटापा एटलस 2023 ने मोटापा गैर-संचारी रोग के मामले में भारत को कुल 183 देशों में से 99 वें स्थान पर रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण 5 के आंकड़ों के अनुसार, 23त्न महिलाएं और 22.1त्न पुरुष बीएमआई मानदंड के अनुसार अधिक वजन वाले हैं, देश में 40त्न महिलाएं और 12त्न पुरुष पेट के मोटापे से पीड़ित हैं। भारतीय राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 अनुसार, 2006 से 2016 तक की अवधि में, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में मोटापा 13त्न से बढ़कर 21त्न हो गया और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में मोटापा 9.3त्न से बढ़कर 19त्न हो गया। प्रत्येक वर्ष अधिकांश भारतीयों की मृत्यु हृदय रोग के कारण होती है, और उनमें से लगभग 60त्न को मधुमेह है। यह अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक, भारत 130 मिलियन से अधिक मामलों के साथ मधुमेह में विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लेगा।

डब्ल्यूएचओ अनुसार, दुनिया भर में मोटापा 1975 के बाद से लगभग तीन गुना हो गया है। 2016 में, 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 1.9 बिलियन से अधिक वयस्क अधिक वजन वाले थे। इनमें से 650 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से ग्रस्त थे। दुनिया की अधिकांश आबादी उन देशों में रहती है जहां अधिक वजन और मोटापे के कारण कम वजन वाले लोगों की तुलना में अधिक लोगों की मौत होती है। 2020 में 5 वर्ष से कम उम्र के 39 मिलियन बच्चे अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। 2016 में 5-19 वर्ष की आयु के 340 मिलियन से अधिक बच्चे और किशोर अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होने वाले मोटापे और गैर-संचारी रोगों के कारण श्रम उत्पादकता में सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है और अस्वास्थ्यकर आहार पैटर्न से संबंधित अनुमानित नुकसान के मामले में भारत 154 देशों में तीसरे स्थान पर है, जो बेहद चिंताजनक हैं। भारत में उपभोग किए जाने वाले अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की कुल मात्रा में 2011 के बाद से 90त्न से अधिक की वृद्धि हुई है।

वयस्क बॉडी मास इंडेक्स या बीएमआई इंडेक्स अनुसार, यदि आपका बीएमआई 18.5 से 24.9 है, तो यह स्वस्थ वजन सीमा के अंतर्गत आता है। यदि आपका बीएमआई 25.0 से 29.9 है, तो यह अधिक वजन की सीमा में आता है। ऊंचाई अनुरूप वजन होना चाहिए। कार्बोहाइड्रेट, आलू, चावल, मिठाई जैसे खाद्य पदार्थ वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसलिए, केवल वही खाद्य पदार्थ खाएं जो आपके शरीर में अतिरिक्त कैलोरी नहीं बढ़ाएंगे। कैलोरी का आदर्श स्तर दैनिक सेवन के अलावा उम्र, चयापचय और शारीरिक गतिविधि कार्य के स्तर पर निर्भर करता है। आम तौर पर, अनुशंसित दैनिक कैलोरी सेवन महिलाओं के लिए प्रति दिन 2,000 कैलोरी और पुरुषों के लिए 2,500 कैलोरी है।

शहरों में प्रदूषित हवा में सांस लेने की मजबूरी, पैक्ड फ़ूड की आदत, मिलावटखोरी, खाद्य पदार्थों में निकृष्ट गुणवत्ता व आवश्यक पोषक तत्वों की भारी कमी, फसलों में घातक रसायनों का प्रयोग, व्यायाम की कमी, यांत्रिक उपकरणों पर बढ़ती निर्भरता ने मानव जीवन को संघर्षमय और ख़राब सेहत दी है, जिससें जानलेवा खर्चीली बीमारियों ने असमय होने वाली मृत्यु में वृद्धि की है। मनुष्य ने खुद ही अपनेआप को उस दहलीज पर लाकर रख दिया है जहां पर स्वास्थ्य समस्याओं का अंबार लगा हैं, जिसमें मोटापा भी प्रमुख है। मोटापे को रोका जा सकता है, योग्य दिनचर्या के द्वारा हम अच्छी सेहत पा सकते है। नमक, शक्कर, मैदा जैसे पदार्थों को धीमा सफेद जहर कहा जाता है, इनके अत्यधिक सेवन से बचें। पैक्ड, डिब्बाबंद, फास्टफूड, जंकफूड, प्रसंस्कृत वसायुक्त मांस, स्नैक फूड, फ्रिज में जमे हुए पदार्थ, बाहरी तेल मसालेवाले खाद्यपदार्थ खाने से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर मौसमी फल, अंकुरित अनाज, हरी सब्जियों, दालों का प्रयोग करें। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और कैलोरी का विशेष ध्यान रखें। चटोरी जबान पर नियंत्रण रखना सीखें, पेट को गोदाम समझकर कुछ भी पदार्थ न ठूंसे, अपनी इच्छा शक्ति मजबूत बनाये। शरीर को हर उम्र में सभी प्रकार के आवश्यक पोषक तत्वों की जरुरत होती हैं, इसका खास ध्यान रखें। शुद्ध ऑक्सीज़न, पूरक पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, रोजाना व्यायाम, नशे से दुरी ये अच्छे सेहत का मार्ग है। इसकी मदद से हम न केवल मोटापे बल्कि जानलेवा बीमारियों से भी बचेंगे और एक खुशहाल, स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# खेतों से लेकर सड़क तक मुसीबत बने छुट्टा जानवर हमलों में खत्म हो रही हैं निर्दोषों की जिंदगी

कुछ लोग आवारा पशुओं को लेकर भावुक होते हैं, जो एक मानवीय गुण हो सकता है। मगर उससे पशुओं के स्वभाव में आई तब्दीली की जिम्मेदारी कोई नहीं उठाता।

आवारा पशुओं की वजह से फसलों और अन्य चीजों की बर्बादी को लेकर पिछले कई सालों से लगातार शिकायतें आती रही हैं। मगर इस बीच छुट्टा जानवरों के हमलों में लोगों की जान जाने की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। खबर के मुताबिक दक्षिण दिल्ली के खानपुर इलाके में अपने बेटे को स्कूल बस के लिए छोड़ने सड़क पर खड़े एक व्यक्ति पर आवारा घूम रहे सांड़ ने हमला कर दिया। उससे उसकी मौत हो गई।

दिल्ली में इस तरह की घटना कोई नई नहीं है। मगर अब तक ऐसा कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आता, जो ऐसी घटनाओं को रोक सके। लगता है कि इस गहराती समस्या पर काबू पाने के लिए सरकार की ओर से ऐसे उपायों को लेकर गहरी उदासीनता छाई हुई है।

वाहनों से जानवरों के टकराने के कारण भी हो रहे गंभीर हादसे नतीजतन, आए दिन सड़क पर छुट्टा घूमते सांड़ या गाय जैसे पशुओं के अचानक किसी को टक्कर मार देने की वजह से लोगों की जान जा रही है। वाहनों से जानवरों के टकराने के कारण भी गंभीर हादसे होते हैं।

इसके अलावा, कुत्तों के हमले या काटने से लोगों की जान जाने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं।

विचित्र है कि अगर कोई व्यक्ति सड़क पर गलत जगह वाहन खड़ा कर दे या किसी नियम का उल्लंघन करे तो वाहन उठाने या जुर्माना वसूलने से लेकर संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाती है और संबंधित महकमे सक्रिय रहते हैं। मगर किसी रास्ते से गुजरते हुए कहीं बीच सड़क पर बैठे या आते-जाते पशुओं को आम देखा जा सकता है और उन्हें हटाने वाला कोई नहीं होता।

वाहन चालक या अन्य लोग अपने को बचाते हुए किसी तरह वहां से आगे निकलने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग आवारा पशुओं को लेकर भावुक होते हैं, जो एक मानवीय गुण हो सकता है। मगर उससे पशुओं के स्वभाव में आई तब्दीली की जिम्मेदारी कोई नहीं उठाता। सड़क पर लावारिस गायों की देखभाल के लिए गौशालाओं की व्यवस्था एक हल है, लेकिन इसमें सांड़ और कुत्ते आदि आवारा पशुओं से उपजी समस्या बनी रहती है। देश के अलग-अलग इलाकों में सड़कों पर बड़ी तादाद में घूमते पशु यही दर्शाते हैं कि इसे गंभीर समस्या के रूप में चिह्नित करना शायद बाकी है।

# शासकीय मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन रिपोर्ट मिलने में हो रही देरी

## » रेडियोलॉजिस्ट के 9 पद मंजूर भरे गए केवल दो पद

**बुलंद गोंदिया**-शासकीय मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत आनेवाले केटीएस जिला सामान्य अस्पताल एवं बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में जिले के साथ ही पडोसी राज्यों से सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रतिदिन उपचार कराने के लिए आते है। ऐसे कई मरीज होते है जिन्हें डॉक्टरों द्वारा सिटी स्कैन, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी कराने के लिए कहा जाता है। लेकिन केटीएस एवं बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में वर्तमान में केवल एक-एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से उन पर काम का बोझ बढ़ गया है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को सिटी स्कैन की रिपोर्ट मिलने में 4 से 5 दिनों का समय लग रहा है। मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट के कुल 9 पद मंजूर है, जिनमें से फिलहाल केवल 2 ही पद भरे हुए है। जिसके कारण यह स्थिति निर्माण हुई है। जिला छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्यों की सीमा से सटा हुआ है। जिस वजह शहर में स्थित केटीएस जिला सामान्य अस्पताल एवं बाई गंगाबाई महिला अस्पताल में सैकडों की संख्या में मरीज जिले के विविध हिस्सों से उपचार के लिए यहां भरती होते है। केटीएस एवं बीजीडब्लू अस्पताल गोंदिया मेडिकल कॉलेज के अधीन है। लेकिन मरीजों को उचित उपचार नहीं मिलने के चलते गोंदिया मेडिकल कॉलेज प्रबंधन हमेशा ही किसी ना किसी वजह से सवालों के घेरे में रहता आया है। केटीएस एवं




बीजीडब्लू अस्पताल में डॉक्टरों के साथ ही नर्स, टेक्निशियन एवं अन्य कर्मचारियों के अनेक पद रिक्त है। जिस वजह से मरीजों को योग्य उपचार मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। केटीएस एवं बीजीडब्लू दोनों ही अस्पतालों में स्थित रेडियोलॉजी विभाग में एक-एक सिटी स्कॅन, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई गई है। इन अस्पतालों में सिटी स्कैन विभाग में 9 रिक्त पदों में से केवल 2 ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति ठेकेदारी पद्धति पर गई है। जिसके कारण इन चिकित्सकों पर काम का बोझ बढ़ गया है। जिसकी वजह से भरती मरीजों को सिटी स्कैन, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी कराने के बाद जांच की रिपोर्ट मिलने में 4 से 5 दिनों का समय लग रहा हैं। यह भी पढ़े -शिंदे गुट का छोड़ा दामन, नौ माह बाद 10 पार्षदों की राकांपा में घर वापसी रिपोर्ट देरी से मिलने के चलते मरीजों का समय पर उपचार शुरू नहीं होने से उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड हो रहा है। यह बात मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के चलते सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया मेडिकल कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन 15 से 20 सिटी स्कॅन तथा हर माह औसतन 600 सिटी स्कॅन किए जाते हैं। लेकिन 2 ही रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से एवं रिक्त पदों के चलते रिपोर्ट मिलने में 4-5 दिनों का समय लगता है। जिसकी वजह से आगे के उपचार हेतु मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गोंदिया मेडिकल कॉलेज के अधीन आनेवाले केटीएस एवं बीजीडब्लू अस्पताल में स्थित रेडियोलॉजी विभाग में सीटी स्कॅन, एक्स-रे एवं सोनोग्राफी मशीन द्वारा मरीजों की जांच की जाती है। इस विभाग में 1 प्राध्यापक, 4 सहायक प्राध्यापक, 2 वरिष्ठ निवासी प्राध्यापक ऐसे कुल 7 पद रिक्त हैं। स्थायी रेडियोलॉजिस्ट मिलने में दिक्कत डा. कुसुमाकर घोरपडे, अधिष्ठाता, मेडिकल कॉलेज के मुताबिक केटीएस एवं बीजीडब्लू अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती मरीजों की सिटी स्कैन मशीन द्वारा जांच करने के लिए 2 रेडियोलॉजिस्ट ठेकेदारी पद्धती से कार्यरत है। जिस वजह से रिपोर्ट मिलने में समय लग रहा है। इन रिक्त पदों को भरने के लिए अनेक बार उच्च स्तर पर मांग की गई है। किंतु स्थायी रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिलने की वजह से दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री वयोश्री योजना लागू करने को मंजूरी राज्य सरकार की ओर से 100 प्रश आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी

गोंदिया-सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग के शासन निर्णय 6 फरवरी 2024 के अनुसार राज्य के 65 वर्ष व उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में सामान्य स्थिति में रहने व उम्र के कारण विकलांगता और दुर्बलता पर उपाय करने आवश्यक सहायक साधन/उपकरण खरीदी के लिए तथा उनकी मन:स्वास्थ्य केंद्र, योगोपचार केंद्र आदि द्वारा मानसिक व पारिवारिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर आयु-अनुकूल समाज बनाने केंद्र प्रायोजित योजना की तर्ज पर राज्य में %मुख्यमंत्री वयोश्री योजना% को लागू करने की मंजूरी दी गई है. वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 31 दिसंबर 2023 के अंत तक 65 वर्ष या उससे अधिक हो और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख रुपए से कम हो, वह मुख्यमंत्री वयोश्री योजना के लिए पात्र होंगे, योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को उनकी शारीरिक विकलांगता और दुर्लभता के अनुसार सहायक साधन/उपकरणों की खरीदी के साथ ही मानसिक मन:स्वास्थ्य केंद्र, योगोपचार केंद्र आदि के माध्यम से उनके मानसिक स्वास्थ्य को अबाधित बनाए रखने प्रबोधन और प्रशिक्षण के लिए एक बार एकमुश्त 3 हजार रुपए की राशि पात्र लाभार्थियों के बैंक के व्यक्तिगत आधार से जुड़े बचत खाते में सीधे लाभ वितरण प्रणाली द्वारा दी जाएगी.



योजना के लिए राज्य सरकार द्वारा 100 प्रश आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी.

## समिति का किया गया गठन

योजना के क्रियान्वयन व लाभार्थियों के चयन के लिए नगर निगम स्तर पर आयुक्त और जिला स्तर पर जिलाधीश की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है. साथ ही प्रस्तावित योजना के लिए लाभार्थियों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच, लाभार्थियों के आधार नंबर, बैंक खाते आदि की जानकारी एकत्र करने का कार्य नोडल एजेंसी/केंद्रीय सामाजिक उपक्रम संस्था के माध्यम से किया जाएगा. इस योजना के लाभार्थियों की जांच सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से शिविर आयोजित कर की जाएगी. योजना की विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त समाज कार्यालय गोंदिया से संपर्क कर अधिकाधिक वरिष्ठ नागरिकों से इस योजना का लाभ लेने का आव्हान समाज कल्याण सहायक आयुक्त विनोद मोहतुरे ने किया है.

# शिक्षक संघ ने वापस लिया अपना बहिष्कार

**बुलंद गोंदिया**- राज्य के कनिष्ठ महाविद्यालय शिक्षक संघ ने 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का बहिष्कार किया था. कनिष्ठ महाविद्यालय शिक्षक संघ की विभिन्न मांगों को लेकर राज्य के शिक्षा मंत्री ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की. सकारात्मक चर्चा के बाद शिक्षक संघ ने उत्तर पुस्तिका जांच का बहिष्कार वापस ले लिया. आईटी व अन्य शिक्षकों के समायोजन, 12 व 24 वर्ष के वाद समयबद्ध पदोन्नति, 24 वर्ष के बाद 20 प्रश की जगह एक बार में पदोन्नति जैसे मुद्दों के बावजूद कनिष्ठ महाविद्यालय शिक्षक संघ कभी हड़ताल पर नहीं गया है. जब-जब वे अपनी मांगों को लेकर आगे आए, सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है. शिक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि सकारात्मक चर्चा के बाद शिक्षक शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे और महाराष्ट्र शिक्षा में नंबर वन बनेगा. परिणामस्वरूप सभी समस्याओं का समाधान हो गया है.

# कृषि अधिनियम में सुधार के खिलाफ रखा बंद, सांकेतिक हड़ताल कर सौंपा ज्ञापन



**देवरी ( गोंदिया )।** वर्ष 2018 के महाराष्ट्र विधानसभा विधेयक क्र. 64 के तहत महाराष्ट्र कृषि उत्पन्न पनन (विकास व विनियमन) अधिनियम 1963 में प्रस्तावित किए गए सुधारों के विरोध में देवरी कृषि उत्पन्न बाजार समिति की ओर से सोमवार, 26 फरवरी को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। इस संबंध में एक निवेदन जिलाधिकारी गोंदिया के माध्यम से पनन संचालक पुणे को निवेदन भेजा गया। निवेदन में कहा है कि राज्य सरकार द्वारा 7 फरवरी 2024 को लिए गए निर्णय के अनुसार वर्ष 2018 के महाराष्ट्र विधानसभा विधेयक क्र. 64 के अनुसार महाराष्ट्र कृषि उत्पन्न पनन (विकास विनियमन) अधिनियम 1963 में प्रस्तावित किए गए सुधारों के परिपेक्ष में राज्य के किसान, व्यापारी एवं कृषि उत्पन्न बाजार समितियों की ओर से 15 दिनों में सूचना एवं आपत्ति मंगवाए गए है। इस विधेयक में प्रस्तावित किए गए सुधारों के कारण किसान, व्यापारी, आड़तिया, हमाल एवं माल तौलने वालों के साथ ही बाजार समिति के अस्तित्व पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना है। यह भी पढ़े -सवा लाख पंजीकृत किसानों में केवल 76,532 किसानों ने ही केंद्रों पर बेचा धान जिसके कारण राज्य की बाजार समितियों एवं किसान, व्यापारी, आड़तिया, हमालों द्वारा इन सुधारों के खिलाफ पनन संचालक महाराष्ट्र राज्य पुणे के पास विरोध व्यक्त करते हुए आपत्तियां भेजी गई। इस मुद्दे पर शासन का ध्यानाकर्षित करने के लिए कृषि उत्पन्न बाजार समितियों की ओर से 26 फरवरी को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई है। साथ ही प्रस्तावित सुधारों को लागू न करने के संबंध में देवरी कृषि उत्पन्न बाजार समितियों की ओर से शासन को निवेदन दिया गया है। इस हड़ताल में शामिल होकर शासन को निवेदन प्रेषित करने वालों में देवरी कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सभापति प्रमोद संगीडवार, उपसभापति विजय कश्यप, संचालक अनिल बिसेन, सुकचंद राऊत, बबलू डोये, समिति के सचिव लोकेश सोनुने, कर्मचारीगण मनीष अक्कुलवार, वैशाली साखरे, शीला शिवणकर, राकेश सहारे, विकास देशमुख आदि मौजूद थे।

# विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**गोंदिया**-पूर्व केंद्रिय मंत्री व सांसद प्रफुल पटेल के सांसद विकास निधि से गौशाला के विकास व सुविधाओं के लिए क‚ष्ण गौरक्षाण सभा (पांजरापोल) गोंदिया में सुरक्षा दीवार, 2 सभागृह मिलाकर कुल 25 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते किया गया. जैन ने कहा कि प्रफुल पटेल के माध्यम से विकास कार्य करते हुए गौमाता की सेवा करने का अवसर मिलना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं. हम भविष्य में भी गौमता और श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा (पांजरापोल) के उत्थान और प्रगति के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करते रहेंगे. इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, शुभांगी मेंढे, श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बालकिसन शास्त्री, शंकरलाल अग्रवाल, आकेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, शीतल मुरारका, नानू मुदलियार, रौनक ठाकुर, शरभ मिश्रा सहित पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे.

# घर में सेंध लगाने वाला गिरफ्तार

## » 2 आरोपियों की तलाश जारी, अपराध शाखा ने की कार्रवाई



**गोंदिया**-एक माह पहले चव्हाण चौक, श्रीनगर में एक घर में चोरी करने वाले आरोपी को स्थानीय अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है. वहीं दो आरोपी फरार है. गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रथम उर्फ दद्दू भोयर (22) है और फरार आरोपियों का नाम श्रीनगर निवासी मनीष गजभिये (25), सिंगलटोली निवासी जय उर्फ दद्दू भालाधरे (23) बताया गया है. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले के निर्देश व स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के आदेश पर पुलिस उपनिरीक्षक महेश विघ्ने, हवलदार इंद्रजीत बिसेन, भुवनलाल देशमुख, चित्तरंजन कोडापे, सिपाही संतोष केदार, घनश्याम कुंभलवार रावणवाड़ी, गोंदिया शहर परिसर में चोरी, सेंध, मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही थी.

### आरोपी ने कबूला अपराध

जानकारी मिली कि चव्हाण चौक, श्रीनगर के एक घर में एक महीने पहले आरोपी प्रथम उर्फ दद्द भोयर ने चोरी की है. आरोपी को उसके घर से हिरासत में लेकर उसकी गहनता से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल किया. वहीं इस घटना को उसने श्रीनगर निवासी मनीष गजभिये (25) व सिंगलटोली निवासी जय उर्फ दद्द भालाघरे (23) के साथ अंजाम दिया था. इन दोनों आरोपियों की तलाश जारी है.

# स्वामी विवेकानंद स्कूल में मनाया मराठी राजभाषी दिवस



**आमगांव** -स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विष्णु वामन शिरवाडकर उर्फ कुसुमाग्रज का जन्मदिन मराठी राजभाषा दिवस के रूप में मनाया गया. मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक अंजनकर, शाला प्राचार्य स्मृति छापरिया सहित सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे. शुरुआत कुसुमाग्रज, स्वामी विवेकानंद व सरस्वती मां के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई. कक्षा चौथी के छात्र सुजल मेंढ ने मुख्य अतिथियों का स्वागत शब्दों से किया. इसी प्रकार विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया. विद्यालय की मराठी अध्यापिका सारिका श्रीवास्तव ने छात्रों को कुसुमाग्रज के जीवन से परिचित कराया. अंजनकर ने छात्रों को मराठी भाषा के महत्व के साथ-साथ बोली और मानक भाषा के बीच अंतर समझाया. संचालन आस्था राठौड़, युक्ति सहारे ने व आभार उरकुडे ने माना

# मूकबधिर बच्चों को शिक्षित करना सच्ची मानव सेवा

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन में अग्रवाल का प्रतिपादन



**बुलंद गोंदिया**-मूकबधिर छात्र-छात्राओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से शिक्षा देना बड़ी चुनौती है और यही सच्ची मानव सेवा है. जिसके लिए इस महान कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति प्रशंसा के पात्र है. ऐसे उद्गार गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के महासचिव अपूर्व अग्रवाल नें उदयन बहुउद्देश्यीय विकास संस्था की ओर से संचालित मंगलम मूकबधिर निवासी शाला के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में व्यक्त किए. शाला का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संस्था सचिव दिलीप जैन की अध्यक्षता में डा. लालचंद सोमाणी, मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, डा. नीलेश जैन, अपूर्व अग्रवाल, श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष पंकज चोपड़ा, तहसील निरीक्षण अधिकारी सतीश नाईक, अर्चना शर्मा की उपस्थिति में हुआ. गणेश वंदना की झांकी नृत्य नाटिका प्रस्तुत गणेश वंदना की प्रत्यक्ष झांकी नृत्य नाटिका पर प्रस्तुत कर विद्यार्थियों नें उपस्थितों का मन मोह लिया. मूकबधिर छात्र छात्राओं ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर लड़ने वाले वीर सैनिकों की गौरव गाथा को जीवंत किया. सम्मेलन में डा. सोमाणी, वेदप्रकाश गोयल, पंकज चोपड़ा, सतीश नाईक नें अपने विचार रखे. सफलतार्थ स्कूल की प्रधानाध्यापिका रेशु शुक्ला के मार्गदर्शन में सभी शिक्षकों नें प्रयास किया.

# ध्यान नहीं दे रहा विभाग : किराए के मकान में कर्मचारी

## »» चुलबंध सिंचाई कर्मचारियों की इमारत जर्जर अवस्था में



**बुलंद गोंदिया**-सड़क अर्जुनी तहसील में चुलबंध जलाशय कार्यालय के कर्मचारियों के लिए 1974 में मुरदोली में एक इमारत बनाई गई थी. लेकिन इसके बाद इस इमारत के रखरखाव और मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया. इसके चलते इस कर्मचारी इमारत का बुरा हाल है, पिछले दस-बारह साल से इस इमारत में कोई भी कर्मचारी नहीं रह रहा है, इमारत में कई आवास जर्जर हो चुके हैं और कर्मचारी किराए के मकान में रह रहे हैं. चुलबंध जलाशय का पानी किसानों को सिंचाई के लिए दिया जाता है सिंचाई विभाग ने इस जलाशय में पानी की उचित योजना और वितरण तथा जलाशय के रख-रखाव और मरम्मत के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की थी. इसके लिए मुरदोली में कर्मचारियों के लिए इमारत बनाई गई, इस स्थान पर कर्मचारी भी रहने आए. लेकिन पिछले 50 वर्षों में सिंचाई विभाग ने इन कर्मचारियों के आवासों के रख-रखाव और मरम्मत की अनदेखी की है. मुरदोली में आवास जर्जर, शहर से संभाला जा रहा कामकाज बताया गया है कि कर्मचारी गोंदिया से कामकाज संभाल रहे हैं क्योंकि कर्मचारियों के लिए मुरदोली में बनाया गया आवास जर्जर हो गया है. चुलब्ध जलाशय की नहरे भी जर्जर है और उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है ऐसे में किसानों को सिचाई से वंचित रहना पड़ रहा है. चुलब्ध जलाशय 31 गावं के किसानों को सिचाई के लिए पानी की आपूर्ति करता है.

# जिलाधिकारी कार्यालय पर आदिवासियों ने निकाला मोर्चा



**गोंदिया**-आदिवासी नागरिकों ने अपनी विविध मांगों को लेकर 28 फरवरी की दोपहर 2 बजे आदिवासी सेवक मालती किन्नाके के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर मोर्चा निकाला. इस दौरान जिलाधिकारी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया. आदिवासियों ने 23 नवंबर, 2023 को मुंबई आदिवासी विकास जिलाधिकारी काय विभाग की बैठक में 1,309 गांवों के लिए लागू पेसा कानून के निर्णय को रहे करने, माध्यम से उपाय योजना एवं शबरी योजना के तहत योजना में जमानत की शर्त में छूट देने, कचारगढ़ को अंतरराष्ट्रीय तीर्थस्थल का दर्जा नवेगांव एवं सिंधुदुर्ग हाथी प्रकल्प को रद्द करने, आदिवासी विकास विभाग के देने, विकास के लिए 1 हजार करोड़ रु. की निधि मंजूर करने, जिला स्तर पर आदिवासी समाज का 5 हजार की क्षमता वाला सामूहिक समाज भवन निर्माण करने, जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में क्रांतिवीर नारायणसिंह उइके का स्मारक बनाने, अर्जुनी मोरगांव के ग्राम तावसी निवासी आदिवासी महिला मंगला उड़के के साथ हुए मारपीट मामले में न्याय देने आदि मांगों को स्वीकार करने की मांग की थी. इस दौरान गोंदिया बिरसा ब्रिगेड, आदिवासी विद्यार्थी संघ, वीरांगना रानी दुर्गावती आदिवासी सेवा समिति, आदिवासी एकता समिति ग्रामीण, गोंडवाना गोंड महासभा, हलबा-हलवी समाज संगठन आदि शामिल थे.

# जमीन विवाद में भिड़े दो गुट, हत्या की कोशिश

## घटना में 11 पर मामला दर्ज

**गोंदिया**-जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई मारपीट में 6 लोगों की हत्या की कोशिश की गई. दवनीवाड़ा पुलिस ने दोनों गुटों के 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इस घटना के संबंध में भूपेंद्र सोमजी सादेपाच द्वारा की गई शिकायत के अनुसार किडंगीपार निवासी आरोपी मदनलाल जयपाल सादेपाच, उत्तम सादेपाच, संतोष सादेपाच, अरविंद सादेपाच सदन सादेपाच रामलाल सादेपाच विवादित स्थल पर नाली बना रहे थे. तभी भूपेंद्र के



चचेरे भाई ने उन्हें रोका, जब उन्होंने उनसे कहा कि जमीन पर पानी मत डालो, जमीन का फैसला नहीं हुआ है, तो आरोपियों में सोमजी धोंडू सादेपाच, पतिराम सादेपाच और फुलकंदबाई सादेपाच पर कुल्हाड़ी और लाठी से हमला कर दिया. इसके जवाब में आरोपी सोमजी सादेपाच, पतिराम सादेपाच, भूपेंद्र सादेपाच, धर्मेंद्र सादेपाच, संजय सादेपाच ने उत्तम मदनलाल सादेपाच, अरविंद मदनलाल सादेपाच और कचराबाई सादेपाच पर कुल्हाड़ी और लाठी से हमला कर हत्या का प्रयास किया. इस संबंध में दोनों गुटों के आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक स्वर्णदीप भालाधरे कर रहे हैं.

# धान उत्पादक किसानों को नहीं मिला बोनस उप जिलाधीश से की गई शिकायत



**गोंदिया**-शीतसत्र में धान उत्पादक किसानों को राज्य सरकार ने बोनस देने की घोषणा की थी, किंतु आज तक किसानों को बोनस नहीं मिला. आगामी लोकसभा चुनाव के चलते आनेवाले 8-10 दिनों में आचार संहिता लागू होने की संभावना है. धान उत्पादकों को 31 मार्च तक फसल कर्ज भरना है. ऐसी स्थिति में शासन से बोनस जारी करने की मांग विविध कार्यकारी सेवा सहकारी संस्था के अध्यक्ष ललित बालबुद्धे ने उपजिलाधीश विजया बनकर को दिए गए ज्ञापन में की है. ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व विदर्भ के धान उत्पादक किसान उपेक्षित अन्नदाता है. प्राकृतिक संकटों का सामना किसानों को करना पड़ता है. एक और आसमानी व दूसरी ओर बेमौसम बारिश का संकट किसानों पर मंडराते रहता है नागपुर में हुए शीतकालीन सत्र में राज्य सरकार ने बोनस देने की घोषणा की थी, किंतु बोनस की राशि किसानों के खातों में जमा नहीं हुई. बोनस के भरोसे पर सेवा सहकारी संस्था फसल कर्ज वसूली संतोषजनक हो सकती है. किसानों पर अधिक कर्ज के चलते अनेक संस्था की व्यवस्था चरमरा जाती है.

# रेलवे क्रासिंग अंडरपास का उद्घाटन

**मुंडीकोटा/तिरोड़ा**- रेल मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तैयार की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे क्रासिंग ब्रिज (अंडरपास) का उद्घाटन 26 फरवरी को दोपहर 12.20 बजे प्रमुख अतिथि सरपंच मधुकर चौधरी, जिप सदस्य किरण पारधी की उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर पंस सदस्य जितेंद्र चौधरी, उपसरपंच मोरेश्वर आगासे, अशोक वैद्य, मालता चौधरी, ग्रापं सदस्य ममता आगासे, ममता चौधरी, पूर्णिमा चौधरी, शिवशंकर साठवने आदि उपस्थित थे. प्रस्तावना अमेंद्रकुमार सिंह ने रखी. सफलतार्थ अमरेंद्रकुमार सिंह, राजू निनावे, अनिल कोसमे, अनमोल विश्वकर्मा, सुनील देशमुख आदि ने प्रसाय किया.




# मनरेगा निर्माण कार्यों पर अनदेखी ग्रामवासियों ने की जांच की मांग

**गोरेगांव** -तहसील में पंचायत समिति मनरेगा के तहत कार्यों को लेकर सवाल उठाया जा रहा है. जिसमें मनरेगा अभियंताओं के स्वयं ठेकेदारी करने की चर्चाएं जोरों पर हैं. ऐसे में निर्माण कार्यों पर किसी की देखरेख नहीं है. मनमर्जी अनुसार कार्य हो रहे हैं. मनरेगा के तहत अधिकतर निर्माण कार्य घटिया दर्जे से तैयार किए जा रहे हैं. जिसमें पगडंडी सड़क निर्माण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं. इससे पहले भी ये विषय अनेक बार सामने आया है. लेकिन हमेशा की तरह इसे ठंडे बस्ते में डालने का काम किया है. गोरेगांव पंचायत समिति में स्थित तीन वर्ष से अधिक समय से कार्य करने वाले अभियंताओं के तबादले किए गए हैं. इन दिनों 12 से नए अभियंता गोरेगांव पंचायत समिति में कार्यरत हैं, तहसील में मनरेगा योजना के तहत अनेक ग्रामों में पगडंडी सड़क निर्माण तथा ग्रामों में सीमेंट सड़क निर्माण प्रगति पर हैं. लेकिन अधिकतर निर्माण कार्यों में देखरेख का अभाव साफ दिखाई दे रहा है. यहां प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों पर करोड़ों रु. खर्च कर रही है. जिसमें देख रेख की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी तथा अभियंताओं को सौंपी गई है. लेकिन यहां स्थिति बिलकुल विपरित है. यहां कुछ मनरेगा अभियंता स्वयं ठेकेदार बने हुए हैं. जिसका सीधा असर निर्माण कार्यों पर पड़ रहा है. निर्माण कार्य पर देख रेख के अभाव के चलते निर्माण कार्य अति घटिया दर्जे से तैयार हो रहे हैं. ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने पर भी संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है. इस ऐसे में इस विषय पर जिला प्रशासन को दखल देने की आवश्यकता है. जिसकी मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है.

# गोंदिया को मिलेंगी महानगर जैसी सड़कें शहर वासियों को मिला विधायक विनोद अग्रवाल का अनोखा तोहफा

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर की प्रमुख समस्याओं में से एक, नागरिकों को होने वाली सड़क समस्याओं को हल करने के लिए विधायक विनोद अग्रवाल पिछले कई वर्षों से प्रयासरत हैं। महाराष्ट्र स्वर्ण जयंती नगरोत्थान महायोजना के तहत गोंदिया शहर की विभिन्न सड़कों को मंजूरी प्रदान कि गई है और अब गोंदिया शहर में भी नागपुर शहर जैसी सड़कें मिलने वाली हैं। चूंकि हमारे गोंदिया नगर परिषद क्षेत्र में महानगरपालिका स्तर की सड़कों का निर्माण किया जाएगा, इसलिए भविष्य में बढ़ते यातायात को देखते हुए, अगले 20-25 वर्षों तक इन सड़कों पर खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस योजना के तहत गोंदिया शहर में सड़कों के लिए 65.75 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया है और विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा सुझाए गए 9 स्थानों पर सड़कों और बंद नालियों और एक पुल के लिए मंजूरी दी गई है। इनमें मोदी पेट्रोल पंप से आदर्श सिंधी स्कूल तक सड़क और सीवरेज, यादव चौक से पाल चौक तक सड़क और सीवरेज, रेस्ट हाउस से पाल चौक मार्ग से कुड़वा नाका तक सड़क और सीवरेज, मनोहर चौक से छोटा गोंदिया मार्ग कलेक्टर कार्यालय बायपास शामिल हैं। गांधी




प्रतिमा से जयस्तंभ चौक रोड, अजय मेडिकल गणेश नगर से सेल्स टैक्स कॉलोनी रोड व सीवर, रानी अवंतीबाई चौक से कटंगी रेलवे क्रॉसिंग रोड व सीवर, सिंगल टोली से अंबेडकर चौक रोड, आईएमए हॉल से तिरूपति नगर रोड पिंडकेपार रोड आदि का समावेश किया गया है। चूंकि पिंडकेपार की ओर जाने वाली सड़क कृषि उपज मंडी समिति में आने वाले भारी वाहनों के लिए एक वैकल्पिक मार्ग बनाएगी, इसलिए कृषि उपज मंडी समिति में आने वाले भारी वाहनों के कारण भविष्य में होने वाली यातायात की भीड़ भी दूर हो गई है। चूँकि इन सभी सड़कों की गुणवत्ता के कारण अगले 20-25 वर्षों में यातायात में वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है, इसलिए भविष्य में सड़कों पर होने वाले अतिरिक्त खर्चों से बचना संभव होगा। ये कार्य नगर परिषद गोंदिया के माध्यम से पूर्ण किये जायेंगे। चूँकि भविष्य को देखते हुए इन सड़कों की गुणवत्ता में सुधार करना आवश्यक है, इसलिए इन सड़कों का काम पहले चरण में पूरा किया जाएगा और अगले चरण में शहर की अन्य सड़कों का भी निर्माण किया जाएगा। विधायक विनोद अग्रवाल ने बताया कि हमारी नीति गुणवत्तापूर्ण सड़कें उपलब्ध कराने की है और अगले चरण में गोंदिया शहर की अन्य सड़कों को भी पूरा किया जाएगा।

# सरकार ने दी किसानों को राहत धान खरीदी की मुद्दत अब 31 मार्च तक

## पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके ने उपमुख्यमंत्री श्री फडणवीस से भेंट कर की थी मुद्दत बढाने की मांग



**बुलंद गोंदिया।** पूर्व विदर्भ के धान उत्पादक जिले गोंदिया-भंडारा में खरीफ सीजन के दौरान बंपर तादाद में किसानों द्वारा धान का उत्पादन किया गया था। परंतु धान खरीदी शासन के समर्थन मूल्य पर पूर्ण तरीके से नही हो पाने के कारण किसान चिंतित और बाजार में बिक्री करने हेतु मजबूर था।इस मामले पर गोंदिया-भंडारा जिले के पूर्व पालकमंत्री एवं राज्य के पूर्व मंत्री डॉ. परिणय फुके ने विगत दिनों मुंबई मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर खरीफ सीजन के धान की उपज समर्थन मूल्य पर खरीदने 31 जनवरी से बढ़ाकर इसे 31 मार्च तक करने की मांग कर धान उत्पादक किसानों को राहत देने की मांग की थी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने फुके द्वारा किसान हित में उठायी गई इस मांग का संज्ञान लेकर धान खरीदी की मुद्दत बढाने हेतु आश्वस्त किया था। इस आश्वासन के तहत अब सरकार ने खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में न्यूनतम आधार मूल्य खरीद योजना के तहत किसानों से धान खरीदने का निर्णय लेकर इसे 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया है.सरकार ने न्यूनतम आधार मूल्य खरीद योजना के तहत किसानों से धान की खरीद को मंजूरी दे दी है. गौरतलब है कि राज्य में अब तक पिछले सीजन की तुलना में कम धान खरीदा गया है. इस पर विचार करते हुए सरकार खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी हेतु दिनांक 28 फरवरी 2024 को निर्णय जारी कर बढ़ी राहत दी है।

# एक साथ कर भरने पर 50 प्रतिशत की छूट

## ग्रापं गंगाझरी के सभी बकायादारों को अभय योजना का लाभ



**गोंदिया**-तहसील की ग्राम पंचायत गंगाझरी के सभी बकायादारों को अभय योजना अंतर्गत करमुक्त होने का लाभ उपलब्ध कर बकाया विशेष पानी पट्टी धारकों ने अपने सभी बकाया की राशि एकत्रित भरने पर उन्हें 50 प्रश छूट देने का निर्णय सर्वानुमति से ग्रापं में आयोजित मासिक सभा में लिया गया. गंगाझरी ग्रापं कार्यालय में सरपंच सोनू घरडे की अध्यक्षता में ग्राम सचिव डी. के. महाकालकर, उपसरपंच व सभी सदस्यों की उपस्थिति में मासिक सभा आयोजित की गई. सभा में जनवरी की सभी निधि के जमा खर्च का वाचन कर मंजूर किया गया. सभी जन्म-मृत्यु के पंजीयन की जांच की गई. सभा में गंगाझरी, जुनेवानी, स हनुमानटोला ग्राम में शुरू कई विकास ज कामों की समीक्षा की गई. पहले की बाजार उ नीलामी को रद्द करके नए बाजार नीलामी श्र करने का निर्णय लिया गया. टीबी मुक्त गांव के रूप में गंगाझरी को घोषित किया गया है. पिछले 3 वर्षों से गंगाझरी गांव में एक भी टीबी रोगी नहीं मिलने से चयन किए जाने की जानकारी सरपंच सोनू घरडे ने दी है.

# सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं : गावित



**बुलंद गोंदिया**-आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए सरकार के जनजातिय विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान जनजाति विकास मंत्री डा. विजयकुमार गावित ने जमाकुड़ो के शासकीय आश्रम स्कूल में आदिवासी विभाग की योजनाओं की लाभ राशि के वितरण कार्यक्रम में किया. मंत्री गावित की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय पुराम, पूर्व विधायक उमला हिंगले, जिप सदस्य गीता लिल्हारे, - हनुवंत वट्टी, पंस सदस्य सुनीता राऊत, अर्चना मडावी, आदिवासी सेवक शंकर मडावी, आदिवासी विकास महामंडल के संचालक भरत दुधनाग, जमाकुड़ो के सरपंच नूतन सोनवाने, जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, उपविभागीय अधिकारी सत्यम गांधी, उमेश काशिद उपस्थित थे. इस दौरान पूर्व विधायक पुराम ने मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में जमाकुडो आश्रम की छात्रा खुशी रमेश वाढिवे का जेईई परीक्षा में सफलता हासिल करने पर सत्कार किया गया. संचालन दीपेश भांडे ने व आभार उमेश काशिद ने माना

## सायरन हॉर्न वाले वाहनों पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

**गोंदिया**-सायरन हॉर्न शहर और आस पास के क्षेत्रों में व्यापक रूप से बेचे जाते हैं. चाहे वह पुलिस की गाड़ी हो या एम्बुलेंस सायरन, यह बाजार में विभिन्न ऑटोमोटिव स्पेयर पार्ट्स और मरम्मत की दूकानों पर आसानी से उपलब्ध है. इसके चलते शहर में ज्यादातर दोपहिया और चौपहिया वाहनों से ऐसे हॉर्न सुनने को मिलते हैं. जिससे से सड़क पर अगर एंबुलेंस या पुलिस की गाड़ी न भी दिखे तो भी सायरन की आवाज सुनाई देती है. ऐसे वाहनों के खिलाफ जिला यातायात पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी. इसके तहत रविवार सुबह करीब 11 बजे पतंगा मैदान के पास सारस चौक पर एक गाड़ी का सायरन उतारकर जुर्माना लगाया गया. जिला यातायात पुलिस की कार्रवाई के दौरान जिन वाहनों में सायरन लगाया गया है, इसकी जांच की. वहीं निरीक्षण के व दौरान पाया गया कि पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश की चौपहिया कार क्रमांक एमपी 65- सी 4444 में अवैध सायरन हार्न लगा हुआ था. वहीं उस गाड़ी का सायरन उतरवा दिया गया. साथ ही 500 रु. का जुर्माना लगाया गया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के नेतृत्व में गिरधर बारसे, भोजराज बहेकार आदि कर्मचारियों ने की.

# आचार्य विद्यासागरजी ने विश्व को ज्ञान का प्रकाश दिया वह नहीं हो सकता लुप्त-पूर्व विधायक राजेंद्र जैन




**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया दिगंबर जैन समाज व्दारा संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज को विनयांजली समर्पित करने हेतू सामूहिक विनयांजली सभा का आयोजन गोरेलाल चौक में आयोजित किया गया । जिसमे शहर के गण मान्य नागरिक विभिन्न समाज के प्रमूख व्यापारी संघटनो के प्रतिनिधी का विशाल जनसमुदाय उपस्थित था द्य इस अवसर पर पुर्व विधायक व गुरुभक्त राजेंद्र जैन ने भाव भरे शब्दो में गुरुदेव के पावन चरणो में विनयांजली अर्पित करते हुए कहा की, गोंदिया पर सदैव आचार्य श्री का आशिर्वाद रहा उनकी प्रेरणा से आज गोंदिया का दिगंबर जैन मंदीर भव्य व सुंदरता के साथ निर्मीत हुआ। आचार्यश्री व्दारा किए जा रहे कार्यो में स्वदेशी अपनायो, पुर्णायु शांती धारा जैसे करोडो रूपये के आयुर्वेद के प्रकल्प, जिवदया में सैकडो गौशाला कार्यरत हैं व इंडीया नहीं भारत बोलो का उन्होंने नारा दिया । हाथकरधे के माध्यम से हजारो लोगो को रोजगार उपलब्ध कराए और मध्यप्रदेश के कुंडलपुर तीर्थ में ऐतीहासिक मंदिर का निर्माण कराया द्य हमारी यह शक्ती नहीं हैं की हम ये कहे आचार्य श्री थे वे हमेशा सूर्यप्रकाश की तरह हमारे बीच रहेंगे व सैदव सत्य अहिंसा व सेवाभाव करने की प्रेरणा देते रहेंगे ।

# माता रानी ने सृष्टि को किया असूरों से मुक्त

## मां दुर्गा देवी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर अग्रवाल ने कहा



**गोंदिया**-ग्राम पांजरा में वृंदावन धाम से पधारी कथाव्यास पूजा किशोरी की मधुरवाणी में मां दुर्गा देवी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित भव्य देवी भागवत कथा में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने पहुंचकर देवी भागवत कथा का श्रवण किया व व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया. इस दौरान गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद् देवी भागवत पुराण, जो मां दुर्गा की उत्पत्ति और उसके कर्तव्यों की रोचक गाथा में स्पष्ट वर्णन है कि एक समय सृष्टि पर महिषासुर नाम का एक राक्षस था. जिसका आधा शरीर असूर जैसा और आधारभैंस जैसा था. कठोर तपस्या करके ब्रह्माजी से वरदान पा लिया कि कोई भी देव, दैत्य या मानव उसे मार नहीं सके, कोई स्त्री ही उसे मारे, उसे भ्रम था कि जो स्वयं अबला है, वह मुझे मारने में समर्थ कैसे होगी, किंतु देवी मां ने असुरों का भ्रम तोड़ा और सृष्टी को इन असुरों से मुक्त दिलाई. इस अवसर पर जिप सदस्य रितेश मलघाम, पंस सदस्य पुरुषोत्तम उके, टिकाराम भाजीपाले, पूर्व जिप सदस्य विजय लोणारे, उपसरपंच सावलराम महारवाडे, पूर्व पंस सदस्य सत्यम बहेकार, महामंत्री अर्जुन नागपुरे, चेतन नागपुरे, हुकुमचंद नागुपरे, गिरधारी बघेले, महेश भेलावे, व्यंकट बघेले, मनमोहन श्रीवास, पुरुषोत्तम उके, रमन लिल्हारे, हेमलता चिचाम आदि उपस्थित थे.

# अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होने जा रहा हैं गोंदिया और भंडारा जिले के रेलवे स्टेशन

## आमगांव रेलवे स्टेशन के लिए 7.17 करोड़ मंजूर भंडारा रोड व तुमसर रोड स्टेशन पर ओवरब्रिज तथा अंडरपास बनेंगे



**गोंदिया/ भंडारा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोमवार,26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ऑनलाइन तरीके से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों के जीर्णोध्दार और उन्हें अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ 1 हजार 500 ओवर ब्रीज तथा अंडरपास का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया गया। इनमें गोंदिया जिले का आमगांव, भंडारा जिले का तुमसर रोड व भंडारा रोड रेलवे स्टेशन का भी समावेश है। इससे अब जल्द ही उक्त रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर इनका पूरा कायापलट होगा। आमगांव रेलवे स्टेशन के लिए 7.17 करोड़ मंजूर केंद्र शासन की ओर से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शामिल गोंदिया जिले के आमगांव रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कुल 7.17 करोड़ रुपए का निधि मंजूर किया गया है। जिससे इस रेलवे स्टेशन का जल्द ही कायाकल्प होगा एवं रेल यात्रियों को नई-नई सुविधाएं उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 फरवरी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों के विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज, अंडरपास का भूमिपूजन व लोकार्पण वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। क्षेत्र के सांसद अशोक नेते के सतत प्रयासों से आमगांव रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना में समावेश किया गया है। इस अवसर पर सांसद अशोक नेते के हाथों इस स्टेशन के विकास कामों का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सांसद नेते ने कहा कि रेलवे से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए वे हमेशा प्रयत्नशील रहे है। ऐसे में उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना क्रियान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद अशोक नेते के अलावा भाजपा के जिलाध्यक्ष येशुलाल उपराडे, पूर्व विधायक केशोराव मानकर, भैरसिंह नागपुरे, पूर्व जिप अध्यक्ष विजय शिवणकर, जिप सदस्य छबुताई उके, तहसील भाजपा अध्यक्ष राजू पटले, शहर अध्यक्ष पिंटू अग्रवाल, जिला सचिव नरेंद्र बाजपेयी, यशवंत मानकर, राकेश शेंडे, अंजु बिसेन, सुषमा भुजाडे, सुरेश कोसरकर, अनिरूद्ध शेंडे, मनोज सोमवंशी, परसराम फुंडे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। भंडारा रोड व तुमसर रोड स्टेशन पर ओवरब्रिज तथा अंडरपास बनेंगे भंडारा रोड रेलवे स्थानक तथा तुमसर तहसील के ग्राम देव्हाड़ी में सोमवार,26 फरवरी को आयोजित भव्य कार्यक्रम में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों विविध कामों का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम देव्हाड़ी परिसर के करीब 11 हजार 148 शालेय विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम से अपने कला को प्रस्तुत किया। उनके विशेष आकर्षण पर उन्हें प्रमाणपत्र देकर अभिनंदन किया गया। इस समय शुभांगी मेंढे ने उपस्थितों को मार्गदर्शन किया। जिसके बाद पूर्व नगराध्यक्ष इंजि. प्रदीप पडोले ने अपने विचार व्यक्त किए। इस समय जिलाधिकारी योगेश कुंभेजकर, जिला परिषद उपाध्यक्ष संदीप ताले, जिला परिषद सदस्य दिलीप सार्वे, मोहाडी के पंचायत समिति सभापति रितेश वासनिक, वरठी के सरपंच चांगदेव रघुते, गीता कोंडेवार, कल्याणी भुरे, काशीराम टेंभरे, भंडारा पुलिस अधीक्षक लोहित मतानी, नागपुर रेलवे सिनियर डीविजनल अभियंता अजय पटेल, पुलिस उप विभागीय महिला अधिकारी रश्मिता राव, पुलिस निरीक्षक निलेश ब्राम्हणे, देव्हाडी ग्राम के सरपंच आशिष टेंभूरकर, स्टेशन टोली के महिला सरपंच सुनीता, उपसरपंच संजय लिल्हारे, उपसरपंच श्याम नागपुरे, तुमसर रोड देव्हाडी के एसएस एम. आर. मुरमु, रेलवे विभाग अधिकार कमलेश प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, राजकुमार, मितेश डहाटे, प्रदीप मिश्रा, स्काउड गाइड तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता ,पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित तहसील के मान्यवर उपस्थित थे।

# दुर्घटना में अज्ञात युवक की मौत, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**गोरेगांव** -गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत थाना गोरेगांव- बोटे मार्ग पर सड़क दुर्घटना में अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। लेकिन उपचार के दौरान मौत हो गई। गोरेगांव पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मृतक युवक की शिनाख्त में जुट गई है । गोरेगांव पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गोरेगांव ठाना मार्ग पर बोटे ग्राम आता है। इस मार्ग पर सड़क दुर्घटना में अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था ।जानकारी मिलते ही गोरेगांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को गोंदिया मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भरती किया। लेकिन उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई ।



लेकिन अभी तक अज्ञात युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आव्हान किया है कि अज्ञात युवक को कोई पहचानता हो तो तत्काल गोरेगांव पुलिस से संपर्क करें । इस तरह की जानकारी गोरेगांव पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक अजय भुसारी द्वारा दी गई है

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।